लोक सभा अध्यक्ष ने सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में योगदान दिया

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर 2014 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज संसद भवन में सशस्त्र बलों और रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाक़ात के दौरान सशस्त्र बलों के महान प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सशस्त्र बल कर्मियों के कल्याण हेतु दिए गए योगदान के लिए देशवासियों को भी बधाई दी। इस अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ने भी सशस्त्र बल झंडा दिवस में योगदान दिया । झंडा दिवस के अवसर पर देशवासी भारतीय सशस्त्र बल कर्मियों के कल्याण हेतु कोष में योगदान करते हैं और 1949 से इसे प्रति वर्ष 7 दिसम्बर को मनाया जाता है। इस दिन आम जनता को छोटे-छोटे झंडे बांटे जाते हैं जिनके बदले में लोग चंदा देते हैं।